1-Defence Research and Development Organisation (DRDO) successfully conducted maiden flight test of indigenously developed surface-to-surface missile 'Pralay', from Dr A P J Abdul Kalam Island off the coast of Odisha.

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के तट पर डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम द्वीप से स्वदेशी रूप से विकसित सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल 'प्रलय' का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया।

2-Dr. Bharati Pravin Pawar, Union Minister of State for Health and Family Welfare inaugurated the National Oxygen Stewardship Program of the Union Health Ministry, at AIIMS New Delhi.

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ भारती प्रवीण पवार ने एम्स नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के राष्ट्रीय ऑक्सीजन प्रबंधन कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

3-Kerala legislator and Senior Congress leader P .T .Thomas passed away, in Vellore, Tamil Nadu. He was 71 years old.

केरल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक पी टी थॉमस का तमिलनाडु के वेल्लौर में निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे।

4-Former wicketkeeper-batsman Vijay Dahiya was roped in as the assistant coach of the new Lucknow franchise ahead of IPL 2022.

पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज विजय दहिया को आईपीएल 2022 से पहले लखनऊ फ्रेंचाइजी का सहायक कोच नियुक्त किया गया।

5-The Government of Gujarat is organising the 10th Vibrant Gujarat Global Summit 2022, from 10 -12 January 2022, at Mahatma Mandir Convention and Exhibition Centre, Gandhinagar, Gujarat.

गुजरात सरकार 10 से 12 जनवरी 2022 के बीच महात्मा मंदिर सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र, गांधीनगर, गुजरात में 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2022 का आयोजन कर रही है।

6-Atal Innovation Mission (AIM), NITI Aayog and the United Nations Capital Development Fund (UNCDF) announced first AgriTech cohort under South-South Innovation platform.

अटल नवाचार मिशन (एआईएम), नीति आयोग और संयुक्त राष्ट्र पूंजी विकास कोष (यूएनसीडीएफ) ने साउथ-साउथ इनोवेशन प्लेटफॉर्म के तहत पहले एग्रीटेक कोहॉर्ट की घोषणा की।

7-Minister of State for Electronics and IT Rajeev Chandrasekhar has inaugurated Aadhaar Seva Kendras at Gonda, Varanasi, Saharanpur and Moradabad.

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने उत्तर प्रदेश के गोंडा, वाराणसी, सहारनपुर और मुरादाबाद में आधार सेवा केंद्रों का उद्घाटन किया है।

8-The first batch of indigenously developed next-generation armoured engineer reconnaissance vehicles was inducted into the Army.

देश में विकसित अगली पीढ़ी के बख्तरबंद इंजीनियर टोही वाहन के पहले सेट को सेना की इंजीनियर्स कोर में शामिल किया गया।

9-Former England cricketer and coach David 'Bumble' Lloyd announced that he will be leaving his role as a commentator with Sky Sports after a stint spanning over two decades.

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और कोच डेविड लॉयड ने घोषणा की कि वह स्काई स्पोर्ट्स के कमेंटेटर की भूमिका को छोड़ रहे हैं, उन्होंने दो दशक से भी अधिक समय तक कमेंटेटर की भूमिका निभायी।

10-The information and broadcasting ministry said in a "closely coordinated" effort with intelligence agencies, it has ordered the blocking of 20 YouTube channels and two websites as they were spreading anti-India propaganda and fake news.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि उसने खुफिया एजेंसियों के साथ एक समन्वित प्रयास में 20 यूट्यूब चैनल और दो वेबसाइट को अवरुद्ध (ब्लॉक) करने का आदेश दिया है क्योंकि वे भारत विरोधी दुष्प्रचार और फर्जी खबरें फैला रहे हैं।